# आदर्श प्रश्न पत्र कक्षा – पाँचवीं
## विषय – हिन्दी
### दिनांक 24.08.2014

समय : 03 घंटा | पूर्णांक – 100

सूचना – प्रश्न पत्र में तीन खण्ड है। सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

## खण्ड 'अ' – रिमझिम

प्रश्न 1. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है। उसका बचपन अमरेली जिले के राजाकोट गाँव में अपने नाना के यहाँ बीता। उसने वह सब पैरों से करना सीखा जो हम हाथों से करते हैं। दाल–भात खाना, दूसरों के बाल बनाना, फर्श बुहारना, कपड़े धोना, तरकारी काटना, तख्ती पर लिखना भी। वह परेशानियों के आगे घुटने टेकने वाली नहीं थी। उसकी माँ और दादी कशीदाकारी करती थीं। उसने भी पैर के अंगूठों के सहारे कशीदाकारी करना सीख लिया। उसके विश्वास और धैर्य ने कुदरत को भी झुठला दिया।

(अ) इला कहाँ रहती है ? 1X5=5
(ब) इला का बचपन कहाँ बीता ?
(स) इला ने कहाँ घुटने नहीं टेके ?
(द) इला किसके सहारे कशीदाकारी सीखी ?
(य) इला की किस बात ने कुदरत को भी झुठला दिया ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गुए प्रश्नों के उत्तर लिखित

मैं तलवार खरीदूँगा माँ या मैं लूँगा तीर–कमान
जंगल में जा किसी ताड़का को मारूँगा राम समान।
तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों – को मैं मार भगाऊँगा
यों ही कुछ दिन करते–करतेरामचंद्र बन जाऊँगा।
यहीं रहूँगा कौशल्या मैं तुमको यहीं बनाऊँगा।
तुम कह दोगी वन जाने को हँसते–हँसते जाऊँगा।

(क) बच्चा क्या खरीदना चाहता है ? 1X5=5
(ख) जंगल में जाकर वह किसे मारना चाहता है ?
(ग) बालक किसकी तरह बनना चाहता है ?
(घ) बालक अपनी माँ को क्या बनाना चाहता है ?
(ड) बालक हँसते–हँसते कहाँ जाने की बात कर रहा है ?

प्रश्न 3. अति लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

(क) खाली स्थान भरिए – 1X4=4
(i) केशव .................. साल का था। (दस/पंद्रह)

(ii) .................... केशव से काम सीखना चाहते थे। (अकबर / बीरबल)

(iii) केशव ने सुंदर ..................... बनाई थी। (तस्वीर / घंटियाँ)

(iv) पहले संदेश ले जाने का काम ...................... करते थे। (चील / कबूतर)

(ख) सहीं जोड़ी बनाइए :– 1X4=4

| | | |
|---|---|---|
| (i) इला | – | तिब्बत के मंत्री |
| (ii) नन्हा फनकार | – | श्रीरामचंद्र |
| (iii) कौशल्या पुत्र | – | कशीदाकारी |
| (iv) लोनपो गार | – | केशव |

(ग) एक शब्द में उत्तर लिखिए – 1X4=4

(i) कँवरसिंह कौन है ?

(ii) मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा ?

(iii) गेहूँ और जौ की तरह दो अन्य अनाजों के नाम लिखिए।

(iv) ''खिचड़ी'' का क्या मतलब है ?

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 2X6=12

(क) बाहर देखने से समय का अंदाज क्यों नहीं हो पा रहा था ?

(ख) तुम्हें कौन–सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

(ग) अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यों नहीं लगी ?

(घ) इला तुम्हारे विद्यालय में आए तो उसे किन–किन कामों में परेशानी आएगी ?

(ङ) इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी ?

(च) पत्र पर नाम न होने से क्या समस्याएँ आ सकती है ?

(छ) गाँधी जी को सिर्फ उनके नाम व देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँचते थे ?

प्रश्न 5. सृजनात्मक कौशल पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– (कोई दो) 3X2=6

(क) इला के स्थान पर आप होती तो क्या करतीं ?

(ख) केशव की उम्र के बच्चों का इस प्रकार काम करना उचित है क्या ? कारण लिखिए।

(ग) रामायण से मिलने वाली कोई तीन सीख (शिक्षा) लिखिए।

## खण्ड 'ब' – व्याकरण

प्रश्न 6. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

मैं रूपया हूँ। मुझे सारी दुनिया प्यार करती है। मैं भोजन खरीदकर देता हूँ भोजन से शरीर का पोषड़ होता है तथा पेट की भूख मिटती है। इस तरह मैं जीवनदान देता हूँ। मैं वस्त्र खरीदकर देता हूँ। वस्त्र पहनने से शरीर की सर्दी और गर्मी से रक्षा होती है। मैं रहने के लिये मकान खरीदकर देता हूँ। मनुष्य के आराम और सुख की अनेक वस्तुऐ खरीदकर देता हूँ। मुझे प्राप्त करने के लिये लोग कठिन से कठिन परिश्रम करते हैं।

(क) भोजन क्या काम करता है ? 1X5=5

(ख) रूपया हमें क्या–क्या खरीदकर देता है ?

(ग) वस्त्र किससे हमारी रक्षा करता है ?

(घ) रूपया प्राप्त करने के लिये लोग क्या करते हैं ?

(ड) इस गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 7. निम्नलिखित अपठित काव्यांश / पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पुछेगये प्रश्नों के सही विकल्प को लिखिए :—

मेरी अम्मा सबसे अच्छी, हम सबको करती है प्यार।
मस्त रहे वह सदा काम में, खुश रखती सारा परिवार।
बड़े सवेरे उठ जाती है, निपटाती सब घर के काम।
खाना—पीना, कपड़े—लत्ते, कभी न ले थकने का नाम।
माँ क्या जाने छुट्टी क्या है, क्यों भाता हमको इतवार।
सूरज जैसी मेरी अम्मा, काम करे वह सातों वार।
झोली भर—भर प्यार बाँटती, जीभर करती लाड़—दुलार।
नन्हें मन को खुब समझती, "माँ" प्रभु का सुन्दर उपहार।

1X5=5

(क) माँ किसे खुश रखती है ?
(1) सारा परिवार (2) सारा पड़ोस

(ख) माँ कब उठ जाती है ?
(1) सूरज उगने पर (2) बड़े सवेरे

(ग) माँ नहीं जानती —
(1) छुट्टी को (2) कामों को

(घ) माँ किसके जैसी है ?
(1) चंदा जैसी (2) सूरज जैसी

(ड) माँ किसका उपहार है ?
(1) पापा का (2) प्रभु का

प्रश्न .8 (क) वर्ण किसे कहते हैं ? ये कितने प्रकार के होते हैं? 2

(ख) अर्थ के आधार पर शब्दों के भेद लिखिए? 2

(ग) तत्सम एवं तत्भव शब्दों के दो—दो उदाहरण लिखिए? 2

(घ) सर्वनाम के भेद लिखिए ? 2

प्रश्न 9.(अ) रिक्त स्थान भरिए — 1X4=4

(क) प्रति वर्ष हिन्दी दिवस ........................ को मनाया जाता है।

(ख) पंजाबी भाषा की लिपि ........................ है।

(ग) लिपि भाषा का ........................ रूप है।

(घ) हमारे संविधान में ........................भाषाएं है।

(ब) सही गलत लिखिए — 1X4=4

(क) गेहूँ द्रव्यवाचक संज्ञा है।

(ख) सुनिता तथा विजया जातिवाचक संज्ञा है।

(ग) संज्ञा के चार भेद होते है।

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा बनती है। 1X4=4

(स) उचित मिलान कीजिए –

| | |
|---|---|
| करण | का, के,की |
| अधिकरण | ने |
| कर्ता | से,के द्वारा |
| संबंध | में, पर |

प्रश्न 10. (1) सर्वनाम की परिभाषा व उदाहरण लिखिए – 1

(2) वचन कितने प्रकार के होते हैं? लिखिए। 1

(3) लिंग किसे कहते हैं ? 1

(4) शब्द किसे कहते हैं ? 1

(5) निम्नलिखित शब्दों को दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

पेड़ ............. ...................

घर ............. ...................

(6) विलोम शब्द लिखिए। 2

सुपुत्र x ............ एकता x ............ सफल x ............ स्वच्छ x............

(7) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए। 2

ओर ......................  और ......................

दिन ......................  दीन ......................

## खण्ड (स)

प्रश्न 11. पत्र लिखिए – (कोई एक) 5

(1) अपनी शाला के प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

(2) अपने दादा जी को गर्मियों की छुट्टियों की योजना बताते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 12. अनुच्छेद लिखिए – (कोई एक) 5

(1) प्रातःकाल का दृष्य

(2) पुस्तकालय

(3) हमारा राष्ट्रीय ध्वज

परियोजना कार्य – शब्द ज्ञान परीक्षा एवं कहानी वाचन। 10